Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to revive the closed National Textile Corporation mill in Burhanpur district in Khandwa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री ज्ञानेश्वर पाटिल (खण्डवा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे खंडवा संसदीय क्षेत्र में चार जिले पड़ते हैं, जिसमें से एक बुरहानपुर जिला है । उस जिले में एनटीसी की एक मिल लगभग 50 वर्षों से है, लेकिन कोविड के समय से वह मिल बंद चल रही है । उस मिल पर लगभग 5,000 परिवार आश्रित हैं । लगभग डेढ़ वर्षों से भी ज्यादा समय से वह मिल बंद है, जिसके कारण उन लोगों के घरों के चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं । इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि उस मिल को तत्काल चालू कराएं और वहां के गरीब लोगों के परिवारों की चिंता करें ।